प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

ऑपरेशन सिंदूर

आज देश, ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है। पिछले वर्ष 7 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों पर हवाई हमले किए गए थे। इन हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए थे। यह कार्रवाई पिछले वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए पाकिस्तान प्रायोजित बर्बर आतंकवादी हमले का भारत की ओर से करारा जवाब थी।

पंचायत चुनाव

पंचायत चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इन चुनावों के लिए कल 8 मई और 11 मई को भी नामांकन भरे जा सकेंगे। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–

प्रदेश में होने वाले इन पंचायत चुनावों के लिए 3 चरणों में वोट डाले जाएंगे, जिसके लिए 26, 28 व 30 मई की तारीख निर्धारित की गई है। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों का परिणाम मतदान के दिन उसी शाम को घोषित किए जाएंगे, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद के मतों की गणना 31 मई को विकास खंड मुख्यालयों में की जाएगी और इसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। प्रदेश की 3 हजार 754 पंचायतों में कुल 31 हजार 1 सौ 82 पदों के लिए चुनाव होगा, जिनके लिए कुल 50 लाख उन्यासी हजार अड़तालीस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 25 लाख 67 हजार 7 सौ 70 पुरूष जबकि 25 लाख 11 हजार 2 सौ 49 महिलाएं शामिल हैं। साथ ही, 52 हजार 3 सौ 49 युवा मतदाता पहली बार इन चुनावों में वोट डालेंगे। रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

नामांकन वापसी

प्रदेश में 51 शहरी निकायों के चुनावों के लिए कुल 1147 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा दस प्रत्याशी निर्विरोध भी निर्वाचित हुए हैं। कल नामांकन वापसी के अंतिम दिन 237 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए। इन चुनावों में कुल एक हज़ार चार सौ छब्बीस नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे जिसमें 32 नामांकन पत्र अस्वीकृत किए गए, जबकि एक हज़ार तीन सौ चौरानवे नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। इन चुनावों के लिए मतदान 17 मई को होगा।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने और नशामुक्त जीवन अपनाने का आहवान किया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जीवनशैली का हिस्सा बनने और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने का भी आग्रह किया है। मंडी में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि नवाचार, नैतिकता और मानवीय संवेदनशीलता भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर उन्होंने 5 सौ 75 छात्रों को डिग्रियां प्रदान कीं, जबकि 40 छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए स्वर्णपदकों से सम्मानित किया।

मांडविया—स्वास्थ्य पहल

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम से श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ करेंगे। पहल के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल में 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिक स्वास्थ्य जांच करा सकेंगे। यह पहल नए चार श्रम संहिताओं के तहत किए गए सुधारों पर आधारित है, जिनके माध्यम से 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार प्रमुख श्रेणियों में समाहित किया गया है। रसायनों, विषैले पदार्थों और भारी मशीनों के साथ काम करने वाले खतरनाक कार्यों में लगे श्रमिकों के लिए उम्र की परवाह किए बिना स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होगी।

लोक अदालत

प्रदेश में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया के संरक्षण और न्यायाधीश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में ये अदालतें लगेंगी। इसमें विशेष रूप से ट्रैफिक मजिस्ट्रेट के न्यायालयों में, मोटर वाहन चालान, मामलों के संबंध में कंपाउंडिंग शुल्क (जुर्माना) के भुगतान के लिए ईपे के माध्यम से ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

अग्निकांड

किन्नौर जिले की काशंग जलविद्युत परियोजना के लेबर कैंप में हुए अग्निकांड में दो मजदूरों की जलने से मौत हो गई। मृतकों में एक उतराखंड जबकि दूसरा नेपाल का मूल निवासी था। घटना के समय कैंप में मौजूद एक अन्य व्यक्ति सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।